# राजकीय महाविद्यालय करसोग
## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

# वार्षिक प्रतिवेदन
## (2020-21)

## महाविद्यालय: ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर आज तक अपने 26 साल के सफर में महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज़ हैं । महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या केवल 187 थी जो वर्तमान में 2019 हो गयी है । विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है । वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है । वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और राजनीति शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाओं का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं । महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्यौगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है और इसी शैक्षणिक सत्र से कंप्यूटर साइंस का कोर्स भी विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ किया गया है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे ।

## CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS):

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-14 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है । वर्तमान में महाविद्यालय में CBCS के अंतर्गत स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली की कक्षाएं तीनों संकायों में सामान रूप से चल रही हैं । इसके अलावा स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी ,हिंदी और राजनीतिक शास्त्र विषयों में भी शिक्षा प्रदान की जा रही है ।

## कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां :

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर अन्य संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए हैं:

| *क्र० सं०* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* | *जहाँ से स्थानांतरित होकर आए* |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋषव भारद्वाज | सहायक आचार्य (संगीत) | राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट |
| 2 | डालिम कुमार | सहायक आचार्य ( हिंदी ) | राजकीय महाविद्यालय, धनेटा |
| 3 | सीता देवी | प्रयोगशाला सहायक | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सेरी बंगलो |
| 4 | कौशल्या देवी | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, झुंगी |
| 5 | गोमती देवी | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, काओ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | मदन लाल | सेवादार | राजकीय माध्यमिक पाठशाला, करसोग |
| 7 | तारा चन्द | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, खनेओल बगरा |
| 8 | गंगा राम | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, झुंगी |

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से निम्न सदस्यों का स्थानांतरण हुआ :

| *क्र० सं०* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* | *जहाँ स्थानांतरित हुए* |
|---|---|---|---|
| 1 | सुदामा राम | सहायक आचार्य (भूगोल ) | राजकीय महाविद्यालय, जुखाला |
| 2 | जय कुमार | सहायक आचार्य (हिंदी ) | राजकीय महाविद्यालय, कुकुमसेरी |
| 3 | पुनीत ठाकुर | सहायक आचार्य (वाणिज्य) | राजकीय महाविद्यालय,अर्की |
| 4 | कमलेश कुमार | सहायक आचार्य (राजनीतिक शास्त्र) | राजकीय महाविद्यालय, रेकोंगपियो |
| 5 | डॉ संतोष कुमार | हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य (रसायन विज्ञान) के पद पर चयन | |
| 6 | मान सिंह | प्रयोगशाला सहायक | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बग शाड |
| 7 | गुलाबी देवी | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, झुंगी |
| 8 | कांता देवी | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, काओ |
| 9 | शकुंतला देवी | सेवादार | राजकीय माध्यमिक पाठशाला, करसोग |
| 10 | खेम राज | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, खनेओल बगरा |

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 36 पदों में से 22 पद कला संकाय, 11पद विज्ञान व् 3 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 22 पदों में से 13 पद भरे गये हैं, शेष 9 पद रिक्त हैं । विज्ञान संकाय में 11 पदों में से 6 पद भरे गये हैं, शेष 5 पद रिक्त हैं । वाणिज्य संकाय में 3 पदों में से 2 पद रिक्त हैं । महाविद्यालय में 1 नया पद शिक्षा विभाग में स्वीकृत है जो रिक्त चल रहा है। गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के 23 पदों में 18 पद

भरे गये हैं, शेष 5 पद रिक्त हैं । रिक्त पदों में वरिष्ठ और कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक का 1-2 पद, तबला वादक का 1 पद व् पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं ।

**केंद्रीय छात्र संघ:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार हर सत्र में महाविद्यालय में वरीयता के आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ के सदस्य चयनित किए जाते हैं परन्तु इस सत्र में COVID-19 महामारी के कारण केन्द्रीय छात्र संघ का गठन नहीं हो पाया ।

**विद्यार्थियों की संख्या:**

वर्तमान में महाविद्यालय में 2019 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । इसमें 1171 छात्राएं तथा 848 छात्र हैं । अनुसूचित जाति में 273 छात्राएं व् 187 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 41 छात्र व् 44 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं । महाविद्यालय में गत तीन वर्षों का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

| **कक्षा** | **कुल छात्र** | | | **कुल छात्राएं** | | | **कुल छात्र /छात्राएं** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 |
| **BA- I** | 231 | 212 | 210 | 298 | 313 | 286 | 529 | 525 | 496 |
| **BA- II** | 145 | 196 | 200 | 242 | 288 | 295 | 387 | 484 | 495 |
| **BA- III** | 147 | 138 | 142 | 276 | 237 | 255 | 423 | 375 | 397 |
| **B.Sc- I** | 60 | 51 | 81 | 59 | 50 | 64 | 119 | 101 | 145 |
| **BSc- II** | 33 | 41 | 45 | 40 | 55 | 46 | 73 | 96 | 91 |
| **BSc- III** | 50 | 33 | 22 | 44 | 39 | 38 | 94 | 72 | 60 |
| **B.Com-I** | 56 | 48 | 34 | 30 | 30 | 27 | 86 | 78 | 61 |
| **B.Com-II** | 41 | 50 | 53 | 29 | 28 | 33 | 70 | 78 | 86 |
| **B.Com-III** | 49 | 39 | 31 | 41 | 27 | 28 | 90 | 66 | 59 |
| **PG I Sem** | 9 | 17 | 14 | 20 | 61 | 40 | 29 | 78 | 54 |
| **PG III Sem** | 18 | 18 | 16 | 53 | 43 | 59 | 71 | 61 | 75 |
| **कुल** | 839 | 840 | 848 | 1132 | 1171 | 1171 | 1971 | 2011 | 2019 |

**वार्षिक परीक्षा परिणाम :**

किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है । महाविद्यालय का परीक्षा-परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है । COVID-19 महामारी के कारण हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा गत सत्र में प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को प्रोन्नत ( promote) किया गया । गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

| **Class** | **College %** | **University %** | **Variation %** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| MA English, Hindi and Political Science | 100% | NA | NA |
| BA/B Sc/B Com<br>I & II | Promoted by HP University | -- | - |
| BA III | 99.2 % | -- | -- |
| B Sc III | 97.1 % | -- | -- |
| B Com III | 93.8 % | -- | -- |

**छात्रवृत्तियाँ:**

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना, EBC,अनुसूचति जाति, IRDP, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति, इंदिरा गाँधी मेरिट छात्रवृति, सेन्ट्रल सेक्टर सकीम एवं डॉ. अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस सत्र में इन छात्रवृत्ति योजनाओं के अन्तर्गत 175 विद्यार्थियों को 16,37,800 रुपये प्रदान किये गए ।

**महाविद्यालय पत्रिका: "कामाक्षा":**

महाविद्यालय पत्रिका "कामाक्षा" का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है । इस पत्रिका में विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मकता व् सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है । कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उदगारों को व्यक्त करते हैं । वैश्विक महामारी covId के कारण इस सत्र में पत्रिका का प्रकाशन नहीं हो पाया ।

**पुस्तकालय:**

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा होती है । अतः पुस्तकालय की समृद्धि पर ही छात्रों का विकास निर्भर रहता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,731 पुस्तकें उपलब्ध हैं । छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व् 6 अंग्रेज़ी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है ।

**अभिभावक-शिक्षक संघ:**

इस महाविद्यालय में अभिभावक- शिक्षक संघ का विधिवत पुनर्गठन अगस्त 10, 2019 को अभिभावक-शिक्षक संघ की मुख्य संरक्षिका प्राचार्या महोदया की देख-रेख में हुआ था जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया था और इस सत्र में भी वैश्विक महामारी COVID-19 के कारण यही पदाधिकारी पदासीन रहे ।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री मनमोहन गुप्ता |
| उपाध्यक्ष | श्री दलीप शर्मा |

| | |
|---|---|
| सचिव | डॉ. गुलशन महाजन |
| सह सचिव | बविता ठाकुर |
| कोषाध्यक्ष | श्री बृजभूषण |
| सलाहकार | श्री हरिओम गुप्ता |

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 7 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों, एक सुरक्षा कर्मचारी व् 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सृजनात्मक एवं विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**शिक्षेत्तर गतिविधियाँ:**

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें । शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन करता रहता है । इस वर्ष भी COVID-19 महामारी के बावजूद विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में तथा ऑनलाइन आधारित अनेक गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया:

1. महाविद्यालय की NCC/NSS/R&R इकाई द्वारा 21 जून 2020 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वर्चुअल रूप में मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 54 छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।
2. 14 अक्टूबर 2020 को बी ए/बीम कॉ / बी एस सी / प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें छात्रवृत्ति, कॉलेज फैसिलिटी ,ऑनलाइन टीचिंग, महाविद्यालय नियमों के विषय में चर्चा की गई। विद्यार्थियों को इस अवसर पर नए Software के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।
3. 8 मार्च 2021 को महाविद्यालय परिसर में रोवर एंड रेंजर इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमे रंगोली, मेहंदी और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इसमें 49 छात्राओं ने भाग लिया।
4. महाविद्यालय की NCC, NSS & R & R इकाई द्वारा 5 जून, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया ।
5. महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के तीन छात्रों ने Peer Educators के रूप में क्षेत्रीय अस्पताल, मंडी में एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम (फरवरी 23, 2021) में भाग लिया ।

**कन्या छात्रावास:**

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास की सुविधा भी है। छात्रावास में वर्तमान में छात्राओं की संख्या 26 है ।

**कैरियर कॉउंसलिंग सेल:**

विद्यार्थियों के लक्ष्य को सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग सेल भी बनाया गया है। इस सेल के अंतर्गत समय-समय पर छात्रों को कैरियर संबंधी जानकारी दी जाती है। इस सत्र में भी विद्यार्थियों की

काउंसलिंग ऑनलाइन की गई । महाविद्यालय में व्याख्यान शृंखला के अंतर्गत *ग्रेट लर्निंग ओलम्पस* के माध्यम से ऑनलाइन कोर्सेज की जानकारी प्रदान की गयी । महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को ppt के माध्यम से करियर संबंधित जानकारी प्रदान की गयी ।

**फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP)**

महाविद्यालय में पांच दिवसीय (अगस्त 10-14, 2020) फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया| इसमें शिक्षकों के लिए विभिन्न व्याख्यानों का आयोजन किया गया ।

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा हर वर्ष युवा समारोह आयोजित करवाया जाता है। इस सत्र में COVID-19 महामारी के कारण युवा समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं करवाया गया ।

**एन० सी० सी० (NCC):**

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा । NCC ANO डॉ० यमुना शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया:

1. कैडेट् मीना शर्मा ने 56 दिन तक और डोला राम ने एक महीने तक कोरोना योद्धा के रूप में नागरिक अस्पताल करसोग में अपनी सेवाएं प्रदान की।

2. महाविद्यालय के 14 कैडेट्स ने कोरोना योद्धा के रूप में करसोग बाजार और केलोधार में अपनी सेवाएं प्रदान की।
3. महाविद्यालय के 3 कैडेट्स ने 7 दिन नागरिक अस्पताल करसोग में अपनी सेवाएं प्रदान की।
4. महाविद्यालय के कैडेट्स ने ग्राम पंचायत चुनावों में अपनी सेवाएं दी।
5. जनवरी 25, 2021 को 63 कैडेट्स द्वारा पौधारोपण किया गया।
6. महाविद्यालय के “Pre- RDC कैंप रोपड़” में 4 कैडेट्स ने नवम्बर 07, 2020 को भाग लिया।
7. सितंबर 04, 2020 को कैडेट श्वेता ने “आत्मनिर्भर भारत और फिट इंडिया" क्विज़ में भाग लिया जिसके लिए इन्हें प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया ।
8. "एक भारत श्रेष्ठ भारत” कैंप में दिसम्बर 20, 2020 को 63 कैडेट्स ने भाग लिया।
9. महाविद्यालय के 28 कैडेटस ने "Be Vocal about Local" कैंप में भाग लिया।
10. महाविद्यालय के 4 कैडेट्स ने 7 नवंबर से 10 नवंबर 2020 तक)अंतर-समूह प्रतियोगिता में भाग लिया ।

11. महाविद्यालय के 64 कैडेट्स ने CATC कैंप में भाग लिया जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय करसोग में फरवरी 10, 2021 से फ़रवरी 14, 2021 तक किया गया ।

इसके अतिरिक्त हमारे कैडेट्स ने प्रत्येक गतिविधियों जैसे जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा स्वतन्त्रता दिवस परेड में बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

**राष्ट्रीय सेवा योजना:**

राजकीय महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयां डॉ. कुलभूषण शर्मा, डॉ. बीरबल सिंह और सोनिया चौधरी के सफल नेतृत्व में कार्य कर रही हैं। गत वर्ष महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना हिमाचल प्रदेश से स्वपोषित इकाई की अनुमति प्राप्त हुई। राजकीय महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी अहम भूमिका निभाई:

*1. COVID-19 वैश्विक महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका:*

COVID-19 वैश्विक महामारी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने पूर्ण शैक्षणिक सत्र में वर्चुअल माध्यम से विभिन्न गतिविधियों से लोगों को जागरूक करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। 42 स्वयंसेवियों ने लगभग 4000 मास्क बनाएं और उनका वितरण किया। इसके अलावा स्वयंसेवियों ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग में अपना योगदान दिया। इसके अतिरिक्त 198 स्वयंसेवियों ने आरोग्य सेतु एप डाउनलोड, दीक्षा IGOT पर पंजीकरण और वैक्सीनेशन ड्राइव में भी अलग-अलग स्थानों पर अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए लोगों को जागरूक किया।

*2. विश्व पर्यावरण दिवस :*

दिनाँक जून 05, 2020 को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में "एक दिवसीय स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यशाला" का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में स्वच्छ कैम्पस, जल शक्ति एवं संरक्षण, सैनिटेशन, कूड़ा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं आरोग्यता आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें महाविद्यालय के 25 स्वयंसेवियों को प्रशिक्षित किया गया।

*3. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :*

दिनाँक जून 21, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना ने वर्चुअल माध्यम से योग दिवस मनाया जिसमें लगभग 60 स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों ने विभिन्न आसन और प्राणायाम सीखे। उन्हें योग के यम, नियम का अनुसरण करते हुए नित्यप्रति आसन और प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया गया।

*4. स्वच्छता अभियान :*

दिनाँक जुलाई 15, 2020 को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 22 स्वयंसेवियों ने निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी को जागरूक किया।

*5. सद्भावना दिवस :*

राष्ट्रीय सेवा योजना ने दिनाँक अगस्त 20, 2020 को सामुदायिक सद्भावना, आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए सद्भावना दिवस का आयोजन किया जिसमें लगभग 84 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

*6. पौधारोपण सप्ताह :*

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने दिनाँक अगस्त 24, 2020 को स्थानीय वन विभाग के सहयोग से कजौनी नाग मंदिर के साथ वन में देवदार, आंवला और बान के पौधों का पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में लगभग 44 स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

*7. अध्यापक दिवस :*

दिनाँक सितंबर 5, 2020 को राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाइयों ने एन.सी. सी और रोवर और रेंजर के साथ संयुक्त तत्वावधान में अध्यापक दिवस मनाया।

*8. रक्तदान :*

राष्ट्रीय सेवा योजना के छह स्वयंसेवियों ने सितम्बर 09, 2020 को नागरिक चिकित्सालय करसोग में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया।

*9. राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस :*

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने दिनाँक सितंबर 24, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया। इस उपलक्ष में 6 स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया और इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना ने गोद लिए हुए गांव सानना में सामुदायिक दौरा किया तथा लोगों से मूलभूत सुविधाओं और उनकी समस्याओं पर चर्चा करके उनको जागरूक किया।

*10. मेरा गाँव आत्मनिर्भर गाँव कार्यक्रम :*

दिनाँक अक्टूबर 20, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने भारत सरकार द्वारा संचालित "आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम" के अंतर्गत "मेरा गाँव आत्मनिर्भर गाँव" ड्राइव शुरू की जिसमें 24 स्वयंसेवियों ने अपने आपको और समाज को इस कार्यक्रम के बारे में जागरूक करने का प्रण लिया।

*11. इंडक्शन कार्यक्रम :*

राष्ट्रीय सेवा योजना ने दिनाँक अक्टूबर 24, 2020 को संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष पर एक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें नवागंतुक स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

*12. राष्ट्रीय एकता दिवस :*

राष्ट्रीय सेवा योजना ने दिनाँक अक्तूबर 31, 2020 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस उपलक्ष पर भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण की गई और भारत की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कुलभूषण शर्मा, डॉ. बीरबल सिंह और श्रीमती सोनिया चौधरी ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

*13. जिला स्तरीय चयन शिविर :*

राष्ट्रीय सेवा योजना के 6 स्वयंसेवियों रजनी, डोली राज, प्रिया, रविकांत, अंकिता और स्मृति ने महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज सुंदरनगर में नवंबर 9, 2020 को आयोजित जिला स्तरीय चयन शिविर में भाग लिया जिसमें रविकांत, डोली राज और रजनी का चयन राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए हुआ।

*14. राज्य स्तरीय चयन शिविर :*

दिनाँक नवंबर 12, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन स्वयंसेवियों रविकांत, डोली राज और रजनी ने राजकीय महाविद्यालय संजौली में आयोजित राज्य स्तरीय चयन शिविर में भाग लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्री-आरडी चयन शिविर के लिए चयन करना था।

*15. प्री-आरडी चयन शिविर :*

यह महाविद्यालय करसोग के लिए अति हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी रविकांत ने दिसंबर 14, 2020 को चितकारा विश्वविद्यालय, पंजाब में आयोजित प्री-आरडी कैंप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

*16. संविधान दिवस :*

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने नवम्बर 26, 2020 को संविधान दिवस मनाया। इस उपलक्ष पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सोनिया चौधरी द्वारा संविधान की प्रस्तावना पर विचार प्रस्तुत किए गए और सभी ने शपथ भी ग्रहण की।

*17. लोकतंत्र में भागीदारी-पंचायत चुनाव जागरूकता अभियान :*

राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयंसेवियों ने जनवरी 17 से जनवरी 21, 2021 तक पंचायत चुनावों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए मत के प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक किया तथा चुनाव पोलिंग बूथ में अपनी सेवाएं प्रदान की।

*18. राष्ट्रीय मतदाता दिवस :*

राष्ट्रीय सेवा योजना के 15 स्वयंसेवकों ने दिनाँक जनवरी 25, 2021 को स्थानीय चुनाव कार्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

*19. गणतंत्र दिवस परेड :*

राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाइयों के 18 स्वयंसेवियों ने खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया।

*20. मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान :*

कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए राजकीय महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में Rs. 21000/- का अंशदान किया।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवियों ने स्थानीय नागरिक उपमंडल दंडाधिकारी के माध्यम से माहूंनाग के समीप शैन्दल गाँव में हुए अग्निकांड में क्षतिपूर्ति के लिए Rs. 3300/- का अंशदान किया।

*21. रोड सेफ्टी सहभागिता सप्ताह :*

राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयंसेवियों ने पुलिस विभाग के साथ सहभागिता सप्ताह के अंतर्गत दिनांक जनवरी 21, 2021 को रोड सेफ्टी सप्ताह में भाग लिया और लोगों को यातायात के नियमों का उचित पालन करने का संदेश दिया।

*22. शहीदी दिवस :*

दिनाँक मार्च 23, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को विनम्र श्रद्धांजलिअर्पित करते हुए शहीदी दिवस मनाया। कार्यक्रम में 12 स्वयंसेवियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत काव्य-पाठ किया और भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के अमिट बलिदान को स्मरण करते हुए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

*23. राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर :*

कोविड-19 वैश्विक महामारी के चलते आवासीय शिविर सम्भव न हो सका। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया इसमें लगभग 110 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवियों में नेतृत्व कौशल, व्यक्तित्व विकास, समाज के प्रति सेवाभाव, कटिबद्धता, कर्तव्यपरायणता, निष्ठा एवं समर्पण आदि उदात्त गुणों का संवर्धन करना था। इस शिविर के तहत शैक्षणिक सत्रों के माध्यम से स्वयंसेवियों को जागरूक किया गया। उन्हें करियर सम्बंधी जानकारी भी जुटायी गयी।

*24. नेतृत्व कौशल वेबीनार :*

दिनाँक अप्रैल 24, 2021 को राजीव गांधी युवा विकास संस्थान (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा राजकीय महाविद्यालय करसोग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों के लिए नेतृत्व कौशल वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें अभिनव ठाकुर, प्रशिक्षण सहायक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से संवाद स्थापित करते हुए नेतृत्व कौशल के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम से 25 स्वयंसेवी लाभान्वित हुए।

*25. तंबाकू निषेध दिवस :*

दिनाँक मई 31, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 26 स्वयंसेवियों ने तंबाकू निषेध दिवस मनाते हुए पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

*26. "मेरी पाठशाला" कार्यक्रम :*

कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान दिनाँक मई 31, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना ने "मेरी पाठशाला" कार्यक्रम की अनूठी पहल की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवी बच्चों को घर-घर जाकर पढ़ाएंगे। "मेरी पाठशाला" कार्यक्रम में हितेश, पूजा ठाकुर, नेहा ठाकुर, रुचि मेहता, दीपक और रीता कुमारी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

*27. एक भारत श्रेष्ठ भारत :*

(i) असम और हिमाचल प्रदेश के मध्य कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम:

दिनाँक जुलाई 24, 2020 को भारत सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के तहत आपसी संवाद स्थापित किया गया जहां दोनों राज्यों के राष्ट्रीय सेवा योजना के 32 स्वयंसेवियों ने अपने राज्यों की संस्कृति का विस्तृत विवरण करते हुए वर्चुअल माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

(ii) सांस्कृतिक आदान-प्रदान:

भारत सरकार द्वारा संचालित "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अंतर्निहित हिमाचल प्रदेश और केरल राज्यों के मध्य संवाद स्थापित करते हुए अगस्त 1, 2020 को एक

वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बी.सी.एम. कॉलेज कोट्टायम, केरल और राजकीय महाविद्यालय करसोग के 15 विद्यार्थियों ने अपने-अपने राज्यों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर पर प्रकाश डालते हुए प्रस्तुतियां पेश की।

(iii) स्वतंत्रता प्रश्नोत्तरी:

दिनाँक अगस्त 15, 2020 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत स्वतंत्रता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय महाविद्यालय करसोग और बी.सी.एम. कोट्टियम, केरल के 95 विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी जानकारी को दुरुस्त किया।

(iv) गाँधी जयंती:

दिनाँक अक्टूबर 2, 2020 को राजकीय महाविद्यालय करसोग और बी.सी.एम. कोट्टायम, केरल के 38 विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को स्मरण करते हुए उनके जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश और केरल राज्यों की भाषा एवं संस्कृति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

**रोवर्ज एण्ड रेंजर्स (R&R):**

इस महाविद्यालय में पिछले सत्र से दो इकाईयां रोवर लीडर श्री पंकज गुप्ता एवं रेंजर्स लीडर सुश्री वर्षा वर्मा के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है । इस सत्र में रोवर्ज और रेंजर्स की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. *Scout Fight against Corona (01):*
   भारत स्काउट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश -द्वारा प्रोयोजित यह प्रोजेक्ट कोरोना महामारी की शुरूवात मे चलाया गया। इस सामाजिक जागरूपता अभियान में इकाई द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे कि हैन्मैड और डिजिटल पोस्टर,अवेर्नेस वीडियोज़ ,स्टे होम स्लोगयंस आदि को "सोशल मीडिया प्लेटफार्म" का प्रयोग करके सामाजिक जागरूकता का सन्देश दिया। यह कार्यक्रम जुलाई ,2020 तक चला जिसमे कि 13 रेंजर और 8 रोवर ने महाविद्यालय कि और से भाग लिया । इसके अंतर्गत राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इसमें -

i) रेंजर ज्योति मेहता को असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए राज्य स्तर पर "Best Ranger of the Event" चुना गया ।

ii) रोवर हितेश ने कोविड-19 जागरूकता के अंतर्गत "राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया।

iii) रोवर हितेश और रेंजर सिमरन को "State Level Virtual WAGGGS Initiative Programme" में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु योग्यता प्रमाण पत्र दिए।

iv) रोवर हितेश ने "United Nations' Environment Programme" और "WWF-India" द्वारा प्रायोजित "Plastic Tide Turner Challenge" में भाग लेकर "राज्य स्तर पर बैज और प्रमाण पत्र" प्राप्त किया।

2. *"National Level Online Singing Fiesta"*

रेंजर सिमरन एवं रेंजर हेमा ने "Bharat Scouts and Guides- India" द्वारा आयोजित "National Level Online Singing Fiesta" में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

3. *"National Level Virtual Youth Forum"*

रेंजर सिमरन ने "Bharat Scouts and Guides- India" द्वारा आयोजित "National Level Virtual Youth Forum" में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

*4."विश्व पर्यावरण दिवस-2020"*

i) 25 रेंजर और रोवर ने पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, मेकिंग हैंडीक्राफ्ट आर्टिकल फ्रॉम वेस्ट प्लास्टिक गारवेज आदि गतिविधियों से सोशल मिडिया के माध्यम से लोगो को जागरूक किया।

ii) रोवर तरुण द्वारा पर्यावरण जागरूकता पर तैयार किए गए "कविता वीडियो" का चयन राज्य स्तर पर हुआ जिसे "Bharat Scouts and Guides -Himachal Pradesh Offical webpage" पर प्रदर्शित किया गया।

*5."करो योग रहो निरोग"*

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस 2020 के अंतर्गत 08 रेंजर और रोवर ने कोविड लॉक डाउन के दौरान अपने-2 घर और गाँव मे छोटे बच्चों को योग सिखाया तथा यह कार्यकलाप सोशल मीडिया पर प्रदर्शित कर "करो योग रहो निरोग" का सामाजिक संदेश दिया।

6. *"Online Skill Development Workshop- a Bharat Scouts and Guides, HP Initiative:*

इस कार्यक्रम के अंतर्गत 6 रेंजर और 5 रोवर ने जुलाई 25, 2021 से अक्टूबर 07, 2021 तक भाग लिया। तथा इसके माध्यम से उन्हें कहानी, सम्भाषण कला, सेनेटाइजर और मास्क बनाने की विधि , फर्स्ट ऐड, पाइनरी कला, संप्रेषण दक्षता आदि को सिखाया गया और अंत मे विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई।

1) इसमें रेंजर ज्योति मेहता ने तीन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ ( स्टोरी टेलिंग ,फंड राइसिंग स्किल वा संवाद कौशल स्किल) में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
2) रोवर हितेश ने राज्य स्तरीय कहानी वाचन में प्रथम, कम्प्यूटर स्किल, सेनेटाइजर मेकिंग, फर्स्ट ऐड , विडियो के माध्यम से कहानी वाचन और पाकशाला कौशल में द्वितीय स्थान और पायनियरिंग कौशल में तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस कार्यक्रम के समापन पर "शीर्ष के तीन" राज्य स्तरीय रोवर्स में इसका चयन हुआ।

7. *स्वतन्त्रता दिवस:*

रोवर प्रदीप ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता के महत्व पर एक “काव्य वीडियो” तैयार किया जिसे हिमाचल प्रदेश के ऑफिशल वेब पेज के लिए चयनित किया गया।

8. **"**एक भारत श्रेष्ठ भारत"- भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा संचालित "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम जिसमें राजकीय महाविद्यालय करसोग और बी.सी.एम. कोट्टियम, केरल के बीच राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान हुआ, इसके अंतर्गत अगस्त 1, 2020, अगस्त 15, 2020 और गाँधी जयंती को 4 रोवर और 7 रेंजर ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियां दी।

9 . *A Two-Day Workshop on the theme “Vocal for Local”:*

17 रोवर और रेंजर ने दिवाली के अवसर पर दो दिवसीय कार्यशाला "Vocal for Local” का आयोजन नवंबर 12-13, 2020 को महाविद्यालय परिसर में किया गया जिसमें मिट्टी के दीये बनाए और कोरोना योद्धाओं को भेंट किए। BS&G - Himachal Pradesh Offical Webpage पर 14 नवंबर 2020 को रेंजर ज्योति मेहता द्वारा तैयार की गई काव्य वीडियो –“ *खुशियों पर अधिकार है सबका* “डाली गई।

*10 . लोकतंत्र में भागीदारी:*

i) 2 रोवर 1 रेंजर ने “स्थानीय नगर निकाय चुनाव 2021” में स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जनवरी 10,2021 को मतदाता केंद्र में सेवाएं दी ।

ii) 2 रोवर और 1 रेंजर ने पंचायती राज चुनाव -2021 में ग्राम पंचायत पोखी और खडकन में जनवरी 17 , 2021 में सेवाएं प्रदान की ।

iii) 3 रोवर और 3 रेंजर्स ने जनवरी 19, 2021 में पंचायती राज चुनाव 2021 के दौरान ग्राम पंचायत रिछनी और चौरिधार में सेवाएं दीं ।

iv) 6 रोवर ने जनवरी 21, 2021 को “पंचायती राज चुनाव 2021” में ग्राम पंचायत कांडी सपनोट, बलिंडी, झुंगी और बगैला में अपनी सेवाएं प्रदान की ।

*11 . प्रोजेक्ट सहभागिता, (भाग मंडी)* :

विभिन्न स्थानीय कुरीतियों और विकारों पर चोट करती एक पहल महाविद्यालय की इस इकाई ने पुलिस अधीक्षक मंडी के नेतृत्व में प्रोजेक्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । जिसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए-

*i) “यातायात नियम जागरूपता अभियान”*

1 रोवर और 1 रेंजर ने जिला मुख्यालय मंडी शहर में जाकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से जनता को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करवाया|

*ii) “रोड सेफ्टी जागरूपता कैम्पेन”*

8 रेंजर्स और एक रोवर ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से विभिन्न वाहन चालकों को सडक सुरक्षा तथा मास्क को सही तरीके से पहनना सिखाया साथ ही लोगों को सामाजिक दूरी का पालन करने के बारे में "रोड सेफ्टी *जागरूपता* कैम्पेन" चलाया | इसके अंतर्गत जनवरी 21 , 2021 को स्थानीय बस अड्डा करसोग और सनारली चौक में अपनी सेवाएं दीं|

*iii)* *"कोन्सेकुएन्केस ऑफ़ अर्ली मैरिज- जागरूपता अभियान"*

9 रेंजर्स और 2 रोवर स्थानीय प्रशासन , महिला मंडल, बार्ड मेम्बर आदि के सहयोग से "भारद्वाज शिक्षण संस्थान" (बी.एड कॉलेज करसोग) में "छोटी उम्र में की गई शादियों के दुष्प्रभाव" (कोन्सेकुएन्केस ऑफ़ अर्ली मैरिज ) नामक विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करवाया |

*iv)* *"कोरोना योद्धा–एक सहयोग"*

07 रेंजर्स और 2 रोवर ने "कोरोना योद्धा" के रूप में स्थानीय अस्पताल करसोग में 56 दिन सेवाएं दीं | इस दौरान उन्होंने रोगियों की पंजीकरण , कोरोना टेस्टिंग , वेक्सीनेशन और सामाजिक दूरी अपनाने व पालन करवाने में सहयोग दिया |

*v)* *"घर गाँव कोरोना जागरूपता अभियान"*

महाविद्यालय के 2 रोवर और 7 रेंजर्स ने ग्राम पंचायत सेरी बंगलो, चौरिधार में दिनांक मई 17- 18, 2021 को स्थानीय लोगों को कोरोना अवेयरनेस "हैण्ड सेनिटाईजेशन और आरोग्य सेतु एप" पर टीकाकरण पंजीकरण हेतु मदद की |

*11. वर्ल्ड थिंकिंग डे, 2021 - "क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया कैम्पेन"*

फरवरी 22,2021 को "*वर्ल्ड थिंकिंग डे*" के अवसर पर महाविद्यालय के 12 रेंजर्स और 7 रोवर ने "क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया कैम्पेन" के अंतर्गत काणी मंडलाह जंगल मे पौधारोपण किया और महाविद्यालय परिसर मे सफाई अभियान सम्पूर्ण किया

12 ."*तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण कार्यशाला*":

इकाई द्वारा 63 नए रोवर एवं रेंजर्स के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अप्रैल 2-4,2021 में किया गया | कार्यशाला के दौरान भारत स्काउट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश मुख्यालय से श्री रोहित ठाकुर ने बतौर रिसोर्स पर्सन भूमिका निभाई |

13." *लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता ":*

महाविद्यालय के होनहार रोवर हितेश को मई 2021 में उनकी "लघु फिल्म 2120 " के लिए श्री गोविन्द ठाकुर (शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश ) द्वारा पुरस्कृत किया गया | इस प्रतियोगिता का आयोजन "हिम सीने सोसाइटी" और "भारतीय चित्र साधना " द्वारा किया गया था |

14 *"खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड":*

महाविद्यालय के 5 रोवर और 10 रेंजर्ज ने "खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड" में "राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसोग" में भाग लिया |

15. *"भारत स्काउट एंड गाइड -नेशनल यूथ समिति इंडिया"*

महाविद्यालय के रोवर तरुण का चयन राज्यस्तर पर "भारत स्काउट एंड गाइड -हिमाचल प्रदेश" स्टेट यूथ समिति के सदस्य के तौर पर हुआ| इसके साथ इनका चयन "भारत स्काउट एंड गाइड- नेशनल यूथ समिति इंडिया" के लिए हुआ | राष्ट्रीय स्तर पर उत्तरी भारत के प्रतिनिधि के रूप में भूमिका निभाएगा |

सम्पूर्ण वर्ष की बेहतरीन गतिविधियों को देखते हुए रोवर हितेश को सत्र का "बेस्ट रोवर 2021" और रेंजर ज्योति मेहता को "बेस्ट रेंजर 2021" के खिताब से नबाजा गया |

इसके अतिरिक्त रोवर और रेंजर ने महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित की।

## खेलकूद गतिविधियाँ:

अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस सत्र में COVID-19 महामारी के चलते खेलकूद गतिविधियों का आयोजन नहीं हो पाया ।

## शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:

महाविद्यालय के प्राध्यपक अध्यापन के साथ -साथ अध्ययन में भी संलग्न रहते हुए अपनी प्रतिभा को विकसित करते रहते हैं। इस सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों में विभिन्न स्थानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए और प्रस्तोता के रूप में विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान दिए:

**1. डॉ० गुलशन महाजन (सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान):**

i) डॉ० गुलशन महाजन ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पांच दिवसीय (अगस्त 10, 2020 से अगस्त 14, 2020) फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य किया।
ii) इन्होंने NPTEL द्वारा आयोजित तीन ऑनलाइन पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया ।

**2. डॉ० लाभ सिंह (सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग):**

डॉ० लाभ सिंह ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पांच दिवसीय (अगस्त 10, 2020 से अगस्त 14, 2020) फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य किया।

**3. डॉ० विनोद कुमार (सहायक आचार्य, संगीत विभाग):**

डॉ० विनोद कुमार ने कोरोना काल में Online माध्यम से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14 दिवसीय पुनश्चर्या कार्यक्रम (Refresher Course) में भाग लिया जिसका आयोजन अक्टूबर 5, 2020 से अक्टूबर 17, 2020 तक किया गया ।

**4. डॉ० कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेज़ी विभाग):**

i) कुलभूषण शर्मा ने Mahatma Gandhi National Council of Rural Education (MGCRE) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'फैकल्टी डिवेलपमेंट कार्यक्रम' —"Mentoring and Facilitation Skills for Institutional Mentors" में दिनाँक मई 27 से मई 31, 2020 तक भाग लिया।

ii) इन्होंने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरनगर (बिहार) द्वारा जून 4-5, 2020 को आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार "Literature Amidst Pandemic" के अंतर्गत *Eyeing the Silver Lining: Poetry of Hope and Calmness* विषय पर स्वरचित रचनाओं 'Time will Change', 'Seeking Calmness' and 'A Counsel' का काव्य-पाठ किया।

iii) कुलभूषण शर्मा ने भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान' में अंतर्निहित हिमाचल प्रदेश और केरल पर केंद्रित कार्यक्रम में दिनाँक 14 जुलाई, 2020 को "Folk Songs, Music and Dances of Himachal Pradesh" प्रस्तुति प्रस्तुत कर हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डालते हुए हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

iv) राजकीय महाविद्यालय करसोग में दिनाँक अगस्त 12, 2020 को आयोजित "फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम" के अंतर्गत ""Inflibnet and e-learning" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

v) सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर, गुजरात के अंतर्निहित UGC-Human Resource Development Centre द्वारा अगस्त 17 से अगस्त 30, 2020 तक आयोजित "Indian Languages, Literature and Cultural Studies" पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया।

vi) शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन के अंग्रेजी विभाग द्वारा दिनाँक नवंबर 6, 2020 को आयोजित कार्यक्रम "All for the Love of Literature" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

vii) दिनाँक 24 नवंबर, 2020 को English Teachers' Forum (ETF) द्वारा आयोजित "Monday Musings" कार्यक्रम में "Mountains Calling, The Pines Pain, The Real, Agony, और महायोगिनी" कविताओं का काव्य-पाठ किया।

viii) Bishop Chulaparambil Memorial College (BCM), Kottayam (Kerala) द्वारा दिनाँक मार्च 8, 2021 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "The Perspectives on Feminism: Towards a New Wave" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

ix) English Teachers' Forum (ETF) द्वारा दिनाँक मार्च 25, 2021 को आयोजित कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर मीनाक्षी एफ. पॉल द्वारा अनुवादित प्रसिद्ध लेखक गुरमीत बेदी की कहानी "Terror" की समीक्षा करते हुए समीक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

x) COVID-19 वैश्विक महामारी के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना, हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाए गए राष्ट्रीय स्तर अभियान के अंतर्गत "COVID-19 AWARENESS QUIZ" का संचालन करते हुए समन्वयक के रूप में कार्य किया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कोविड-19 के बारे में जागरूक करना था।

xi) कुलभूषण शर्मा ने 'कोविड-19 वैश्विक महामारी' के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना, हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित कार्यक्रम में जिला मण्डी के 16 महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर नोडल ऑफिसर के रूप में सेवाएं प्रदान की।

xii) इसके अतिरिक्त कुलभूषण शर्मा ने तीन अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार तथा दो राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

**5. श्री पंकज गुप्ता (सहायक आचार्य, जीव विज्ञान विभाग):**

i) श्री पंकज गुप्ता ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पांच दिवसीय (अगस्त 10-14, 2020) फैकल्टी डवेलपमेंट प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में भूमिका निभाई।

ii) इन्होंने भारत स्काउटस एंड गाइड, हिमाचल प्रदेश द्वारा "ऑनलाइन कौशल विकास कार्यशाला" (अगस्त 22, 2020) के अंतर्गत "मास्क बनाने की स्किल" और "फर्स्ट ऐड: द नीड ऑफ़ द ऑवर" (सितंबर 17, 2020) में रिसोर्स पर्सन के रूप में भूमिका निभाई ।

iii) दिनाँक अक्टूबर 2, 2020 को "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को स्मरण करते हुए "Relevance of Gandhi and Gandhi's relationship with Himachal Pradesh" विषय पर ppt प्रस्तुत की ।

**6. डॉ० सावित्री देवी (सहायक आचार्या, हिंदी विभाग):**

i) डॉ० सावित्री देवी ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पांच दिवसीय अगस्त 10, 2020 से अगस्त 14, 2020) तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में Rapporteur के रूप में कार्य किया।

ii) इन्होंने नवम्बर 27, 2020 को एक दिवसीय वेबिनार "ऑनलाइन टीचिंग लर्निंग" में भाग लिया जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय नादौन ने करवाया ।

iii) इन्होंने नवम्बर 23, 2020 को मिजोरम विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग आइजोल द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय वेबिनार "Cyber Crime Against Women: Precautions and Strategies" में भाग लिया ।

**7. श्री राहुल शर्मा (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग):**

श्री राहुल शर्मा ने GCTE धर्मशाला में उच्च शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 14 दिन का प्रारंभिक प्रशिक्षण ऑनलाइन पूरा किया।

**8. डॉ० लीलाधर (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग):**

i) डॉ० लीलाधर ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पांच दिवसीय अगस्त 10, 2020 से अगस्त 14, 2020 तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में Rapporteur के रूप में कार्य किया।

ii) इन्होंने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबीनार "थॉट्स एंड फिलॉसफी ऑफ महात्मा गांधी" में अगस्त 22, 2020 को भाग लिया।

iii) इन्होंने ग्रैंड एकेडमिक पोर्टल जी ए पी एनसीएलटी द्वारा आयोजित एक दिवसीय (अगस्त 17, 2020) वेबीनार "रोल ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर आफ्टर NEP- 2020" में भाग लिया।

iv) इनका "Post-partition Nostalgia: A Study of Intizar Hussain's *Basti*" नामक अध्याय *Emerging Trends in Art and Literature-An e-book 2020* में प्रकाशित हुआ

**9. डॉ० पंकज शर्मा (सहायक आचार्य वनस्पति विज्ञान विभाग):**

i) डॉ० पंकज शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पांच दिवसीय अगस्त 10, 2020 से अगस्त 14, 2020 फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में भूमिका निभाई।

ii) इनका शोध पत्र "Characterisation of Bacillus weithensyephansis AGII: A psychotolerant Bacteria Isolated from Rhizosphere of Medicinal Plant Gentiana Kurroo Royle" "Acta Scientific Agriculture" में फरवरी 2021 को प्रकाशित हुआ।
iii) इनका शोधपत्र "Temporal Changes in Tree Species Compositions in Karsog area of North-West Himalaya" "Journal of Biodiversity" में प्रकाशित हुआ।
iv) इन्होंने फरवरी 23, 2021 को क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में नोडल ऑफिसर, रेड रिबन क्लब के रूप में भाग लिया।
v) "Research Foundation of India and World Virtual Conference Forum" द्वारा जुलाई 06 से जुलाई 13, 2020 तक आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "NAAC Accreditation Framework: An Overview in respect of New Guidelines" में भाग लिया।

**10. श्रीमती शीतल चरबातिया (सहायक आचार्या, कंप्यूटर विभाग):**
i) श्रीमती शीतल चरबातिया ने सितंबर 07, 2020 से सितंबर 20, 2020 तक 2 सप्ताह के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामऔर एप्लीकेशन इन मशीन लर्निंग में भाग लिया। इसका आयोजन एम एनआईटी जयपुर एंड एनआईटी पटना द्वारा किया गया।
ii) इन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्णिमा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सितंबर 4-5, 2020 फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया।
इन्होंने राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय मार्च 15-20, 2021 फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "Latex" में भाग लिया।
iii) इन्होंने Volluvar College of Science and Management, Karur Tamilnadu द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मई 26-31, 2021 तक भाग लिया।
iv) इन्होंने मई 19, 2021 को गुरु नानक कॉलेज चेन्नई द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार "Patents Drafting and Registration Process" में भाग लिया।
v) इन्होंने अक्टूबर 28, 2020 को राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय वेबीनार "Swachhta Action" में भाग लिया।
vi) इन्होंने फरवरी 23-27, 2021 को पांच दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया जिसका आयोजन "Shankracharya Institute of Technology" द्वारा किया गया।

**11. श्री ऋषव भारद्वाज (सहायक आचार्य, संगीत विभाग):**
i) श्री ऋषव भारद्वाज ने कोरोना काल में Online माध्यम से घर बैठे शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए youtube चैनल 'Music and Nature' बनाया जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। इस चैनल पर अभी तक सभी कक्षाओं के सिलेबस से जुड़े लगभग 150 से अधिक Video Lessons upload हो चुके हैं।
ii) इन्होंने Online Study Material के लिए www.blogger.com website पर 'ऋषव की संगीत वाटिका' नाम से एक Blog बनाया, जिसका सभी विद्यार्थी लाभ ले रहे हैं।
iii) इनकी दो पुस्तकें: संगीत वाटिका, राग वाटिका (भाग 02) प्रकाशित हुईं।
iv) हिमाचली लोक संगीत के क्षेत्र में हिमाचल के सबसे बड़े Production House 'ISur Studios' और सबसे बड़े Youtube चैनल 'ISur Studios' के साथ जुड़कर 'Singing Himachal Folk Icon' में निर्णायक की भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया।

*जयहिंद।*